डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 31 मार्च, शुक्रवार, 2023

दैनिक



## सूचना

मोदी सरकार की बर्बरता पूर्ण नीतियों एवम् लोकतंत्र को समाप्त करने की मंशा के विरोध में कैंडल मार्च दिनांक 30/03/2023 को अपराहन 06:00 बजे ललित मिश्रा प्रबंधन संस्थान से डॉ भीम राव अम्बेदकर प्रतिमा बेली रोड , पटना मे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

आप सभी से आग्रह है कि भरी संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

-डॉ. संजय कुमार
कार्यकारी मुख्य संगठक
बिहार कॉंग्रेस सेवा दल

**राम साहस हैं, राम संयम हैं, राम सत्य हैं, राम शाश्वत हैं, राम प्रेम हैं, राम करूणा हैं, श्री राम सबके कल्याण की राह दिखाने वाले हैं, मर्यादाओं का प्रकाश फैलाने वाले हैं। आप सभी को को पावन पर्व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। जय सियाराम। -प्रियंका गांधी वाड्रा**

## पूर्व भाजपा मंत्री अजय चंद्राकर के किस किसान के खेत पर 20 क्विंटल धान होता है बयान पर KKC प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने लिया चंद्राकर को आड़े हाथ

# भाजपा के वरिष्ठ विधायक को दिमागी इलाज की जरूरत :आलोक पांडेय

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

रायपुर। असंगठित कामगार एवम कर्मचारी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के बयान जिसमे पूर्व भाजपा मंत्री चंद्राकर ने कहा कि 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की बात तस्करी योजना है न्याय योजना नही है, पर अजय चंद्राकर को आड़े हाथों लिया है।

भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों से 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ से खरीदी पर बयान आया कि यह धान खरीदी योजना नही है ये तस्करी योजना है। कांग्रेस जनता को बेवकूफ बना रही है। असंगठित कामगार एवम कर्मचारी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने कहा– भाजपा के वरिष्ठ विधायक को दिमागी इलाज की जरूरत पूर्व भाजपा मंत्री अजय चंद्राकर के इस बयान पर ङङउ प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने कहा कि क्या छत्तीसगढ़ के किसान तस्कर हैं?

छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ विधायक होने के नाते आज जो इनके दिमाग की स्थिति है उसकी इलाज कराने की जरूरत है इनकी मति मारी गई है तथा आज ये छत्तीसगढ़ के सभी किसानों को पूरी तरह से तस्कर बोलने में लगी हुई है। ऐसे विधायक और नेताओं को आज इनके दिमाग खराब होने की स्थिति में इलाज की जरूरत है।ङङउ प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने कहा कि अगर इनके पास इलाज कराने के लिए पैसा नही हो तो मैं अपने स्वयं के खर्चे पर माननीय अजय चंद्राकर जी का इलाज करवा दूंगा। किसानों के बारे में सोचने से पहले या किसी प्रकार से भी चर्चा करने से पहले यह सोच लें कि हमारी सरकार ने किसानों के लिए क्या क्या किया और इनकी भाजपा की 15 साल की सरकार ने किसानों के साथ क्या किया है।



भाजपा इस चरम पर पहुंच चुकी है कि इनके जो नेता हैं माननीय मोदी जी से राहुल गांधी ने सिर्फ 2 सवाल पूछे थे कि अदानी से आपका क्या संबंध है जिस दिन से यह सवाल उनसे पूछा गया उसी दिन से उन्होने सदन को बंद रखा और राहुल गांधी की सदस्यता तक रद्द कर दी गई।

राहुल गांधी को सुनियोजीत तौर से सजा दीः अर्थदंड भी दिया जा सकता था, जानबूझकर अधिकतम सजा दी प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने आगे कहा कि सूरत के जिस कोर्ट के जज ने इनको 2 साल की सजा दी थी, वह 1 महीने की भी हो सकती थी 15 दिन की भी हो सकती थी लेकिन सुनियोजीत तरीके से 2 साल कि सजा दी और सजा दिलाने के 24 घंटे के भीतर ही राहुल गांधी की सदस्यता तुरंत रद्द कर दी गई तथा राहुल गांधी को बंगला खाली करने का भी फरमान जारी कर दिया गया। भाजपा फिर से अंग्रेजों की तरह राज करना चाहती है, आज भारत देश के लोगों को जागृत होने की जरूरत है।जो लड़ाई हमने आजादी के समय की थी आज वैसी ही लड़ाई करने की जरूरत है। पहले ये खुद ट्रेनों पर चाय बेचा करती थी आज इन्होंने ट्रेनों, हवाई अड्डों को बेचना चालू कर दिया। राहुल गांधी ने लगातार बेरोजगारों की, मजदूरों की, गांवों की आवाज उठाई लेकिन उनकी आवाजों को कुचलने के लिए जो नरेंद्र मोदी जी ने जो प्रयास किया उसे कांग्रेस पार्टी कभी भी स्वीकार नही करेगी, तथा यह लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।

अजय चंद्राकर अपने खेत का बताएं कि वह कितने एकड़ के किसान हैं।जो हमारी सरकार ने समर्थन मूल्य दिया है उसमे कितने बार आपने पैसा लिया ये नही बता रहे हैं।अजय चंद्राकर के खिलाफ एक मुहिम ट्विटर पर चलाई जाएगी कि अजय चंद्राकर किसान विरोधी हैं। प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय ने कहा की असंगठित कामगार एवम कर्मचारी कांग्रेस जमीन से जान देने तक की लडाई लड़ेगी और राहुल गांधी के साथ खड़ी रहेगी।

# डूबती सरकार को "भगोड़े" का सहारा

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

दुनिया के सबसे विशाल लोकतंत्र की विडंबना देखिए कि भ्रष्टाचार में नाक तक डूबी सरकार ₹सच के सिपाही₹ को चुप कराने के लिए अब डकैत और भगोड़ों की सहायता ले रही है। हिंदुस्तान को लूटने वाली देश विरोधी ताक़तों को एकजुट कर सरकार लोकतंत्र के पहरेदार को डराने की नाकाम कोशिश कर रही है।

मोदी सरकार ने अपने आठ–नौ साल के कार्यकाल में तानाशाही और भ्रष्टाचार का जो बीज बोया था, भगोड़े ललित मोदी का दुस्साहस उसी की फसल है। इस भगोड़े के दुस्साहस ने उन देशवासियों का अपमान किया है, जिन्होंने राहुल गांधी को एक, दो नहीं बल्कि चार–चार बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनकर भेजा था। विदेश में पनाह लिए एक भगोड़ा भाजपाई शह पाकर देश के एक सम्मानजनक जननेता के खिलाफ खुलेआम बकवास कर हिंदुस्तान की राजनीतिक परंपरा की धज्जियां उड़ा रहा है। कानून के डर से देश से मुंह छुपाकर भागा उचक्का ललित अब राहुल गांधी पर ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा करने की धमकी दे रहा है। यही तो अमृतकाल है, जब चोर खुद को चोर कहने पर बुरा मान रहा है। जब अडानी से प्रधानमंत्री के संबंधों को बेनकाब करने वाले राहुल गांधी पर रोज नया जुल्म किया जा रहा है, उनके खिलाफ रोज नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। ऐसे वक्त में ललित मोदी की यह हरकत लोकतंत्र के लिए जितनी शर्मनाक है, उससे अधिक खतरनाक।

जनता जान रही है कि शब्द भले ललित मोदी के हैं, लेकिन इसके पीछे का दुस्साहस और संस्कार भाजपा के ही हैं। सरकारी तानाशाही और ना–उम्मीदी के इस कठिन दौर में आज जब पूरा देश राहुल गांधी की तरफ उम्मीद की नजर से देख रहा है, ऐसे में मोदी सरकार के हथकंडे जनता को अपमानित करने वाले हैं। बेलगाम और धूर्त सरकार से हर मोर्चे पर डटकर लोहा लेते राहुल गांधी के खिलाफ नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ललित मोदी का इस्तेमाल करना देश की लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा का असली चाल–चलन और चरित्र कितना घिनौना है? खैर, राहुल गांधी इस देश की लडाई लड़ रहे हैं, वह किसी भी कीमत पर रूकने और झुकने वाले नहीं हैं।




# हेमंत शाही जनमानस के नेता थे: डॉक्टर अखिलेश

पटना। कांग्रेस दर्पण

भगवानपुर के गुदगुदी हाउस परिसर में बुधवार को पूर्व विधायक हेमंत शाही की 31 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस मौके पर मौजूद लोगों ने स्व.शाही के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा की स्व.शाही एक विचारधारा का नाम है। विचार धारा अमर रहता है। उन्होंने कहा कि स्व.शाही किसी खास जाति समूह के नहीं बल्कि गरीबों के नेता थे। वे हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। वही सुरेश शर्मा पूर्व मंत्री ने कहा की हेमंत शाही सम्पूर्ण जनमानस के नेता थे उनके इस दुनिया से जाना समाज के लिए एक बड़ी छती है, वही रुनिसैदपुर विधायक पंकज मिश्रा जी ने कहा की उनकी कमी हमेशा खलती रहती है इस




कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता राणा सुरेश प्रसाद सिंह ने की इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह एमपी राज्य सभा सह अध्यक्ष बिहार कांग्रेस,पंकज मिश्रा विधायक, सुरेश शर्मा पूर्व मंत्री,प्रतिमा दास विधायक, मुन्ना शुक्ला पूर्व विधायक, मनोज कुमार पूर्व विधायक, अनीस कुमार पूर्व प्रत्याशी लखीसराय, संजीव कुमार पूर्व प्रत्याशी, संजय कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेपी, मनोज शुक्ला ने भी स्व. शाही की जीवनी पर प्रकाश डाला।

पुण्यतिथि समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता ,आयोजक एवं अध्यक्षता राणा सुरेश प्रसाद सिंह, शशि कुमार, अमरेश कुमार, कृष्ण कन्हाई, रंजीत कुमार, नीरज कुमार संटू, राजकिशोर जी,मुकेश रंजन तेज नारायण, प्रभात कुमार, धुर्जती मुकुल कुमार, राजमणि मनीषा कुमारी जय किशुन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


# एनएसयूआई खगरिया ने केंद्र सरकार की तानाशाही गौर गलत नीतियों के खिलाफ एक शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाला




पटना। कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 28/3/22 को शाम 7 बजे कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई खगरिया ने केंद्र सरकार की तानाशाही गौर गलत नीतियों के खिलाफ एक शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकाला इसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कोशी कॉलेज खगरिया से होते हुए ओवरब्रिज के पार पूरे शहर में घूमते हुए बेंजामिन चौक पर मोदी अडानी भाई भाई देश बेच कर खाई मलाईनारे लगाते हुए अपना यह मशाल जुलुस समाप्त किया इस कार्यक्रम में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष नितिन पटेल मौके पर उपस्थित एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव नवीन कुमार ने कहा देश का लोकतंत्र आज बहुत नाजुक दौर से गुजर रहा है आज केंद्र सरकार के तानाशाही नीतियों के कारण गैर संवैधानिक फैसले हो रहे हैं पूरे देश के संपत्ति को नरेंद्र मोदी जी के द्वारा उनके मित्र गौतम अडानी को सौंपा जा रहा है देश के लोगों का एलआईसी में लगा पैसा एसबीआई का पैसा और कर्मचारी भविष्य निधि का पैसा सौंपा जा रहा एवं गौतम अडानी के कंपनी में 22 हज़ार करोड़ का काला धन का स्रोत नहीं बताया जा रहा है जब इन सब मुद्दों और गौतम अडानी और नरेंद्र मोदी के रिश्तो को लेकर राहुल गांधी जी ने संसद में आवाज उठाया तो उन्हे गलत मुकदमों में सजाकर आकर उनकी सदस्यता समाप्त करा दी गई अब उनसे आनन–फानन में उन्हें बेघर किया जा रहा है हम लोग अब सड़कों पर उतर कर केंद्र के तानाशाही नीतियों और तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नितिन पटेल ने कहा आज नरेंद्र मोदी गौतम अदानी को बचाने के लिए तमाम तरह के कुकर्म रच रहे हैं गौतम अडानी के घोटाले पर नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं और हमारे नेता को बेवजह परेशान किया जा रहा है हम लोग लगातार चरणबद्ध आंदोलन करेंगे इस कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष गौरव कुमार उपाध्यक्ष सनी चौरसिया सचिव ऋषिकेश सुभम,भीम यादव, कांग्रेस जिला महासचिव वीरेंद्र मोहन झा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री राज किरण ठाकुर अजय ठाकुर पूर्व खगड़िया लोकसभा अध्यक्ष प्रशांत सुमन, राहुल यादव अधिवक्ता सुभाष रत्न सहित किसान कांग्रेस के अध्यक्ष प्रसनजीत सिंह युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष प्रशांत सुमन सैकड़ों लोग उपस्थित थे सोनू कुमार भीम कुमार



भारत जोड़ो यात्रा

दूरभाष : 011-23019320
011-23019080
ई-मेल : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
वेबसाइट : www.inc.in

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

के.सी. वेणुगोपाल, संसद सदस्य
महासचिव

24, अकबर रोड,
नई दिल्ली-110011

Org -7/ 2688 28 मार्च 2023

प्रिय सहयोगी,

**श्री राहुल गांधी** के साथ एकजुटता में और मोदी-अडानी गठजोड़ द्वारा जनता और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट के खिलाफ उनकी निडर और समझौताहीन लड़ाई के समर्थन में हमने राज घाट, नई दिल्ली में एक दिवसीय **"संकल्प सत्याग्रह"** का सफलतापूर्वक आयोजन किया है और गांधी प्रतिमाओं के सामने सभी राज्यों और जिला मुख्यालयों में हमारे माननीय संसद सदस्यों और विधायकों/एमएलसी ने अपने-अपने सदनों में काली पोशाक में विरोध प्रदर्शन किया है और तानाशाही शासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

हमारी अटल लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए और माननीय कांग्रेस अध्यक्ष **श्री मल्लिकार्जुन खड़गे** की अध्यक्षता वाली संचालन समिति, पीसीसी अध्यक्षों, सीएलपी नेताओं, फ्रंटल संगठनों के राष्ट्रीय प्रमुखों, विभागों और प्रकोष्ठों की बैठक में तय किए गए अनुसार, एआईसीसी में आयोजित 24 मार्च 2023 को, निम्नलिखित अभियान योजना को अंतिम रूप दिया गया और, पार्टी के तमाम पदाधिकारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सत्य और न्याय के इस संघर्ष में शामिल हों:

**मंगलवार, 28 मार्च 2023**

- लाल किले, नई दिल्ली से **"लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च"**।

**28 और 29 मार्च 2023**

- देश भर के 35 प्रमुख शहरों में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं द्वारा प्रेस सम्मेलन।

**29 मार्च से 8 अप्रैल, 2023 - जय भारत सत्याग्रह का शुभारंभ**

- श्री राहुल गांधी की गलत सजा और अयोग्यता के विरोध में **जय भारत सत्याग्रह** का शुभारंभ, और कांग्रेस पार्टी के संकल्प को व्यक्त करने के लिए कि मोडानी द्वारा जनता के धन और देश के धन की लूट के खिलाफ लोगों की आवाज उठाते रहें।
- सभी ब्लॉक/मंडल कांग्रेस इकाइयां **जय भारत सत्याग्रह** के बैनर तले **नुक्कड़ सभा** करेंगी और प्रासंगिक मुद्दों पर जनता को संबोधित करेंगी।
- सोशल मीडिया और मीडिया अभियान राहुल जी के संदेश पर केंद्रित है और **जय भारत सत्याग्रह** के लिए जन समर्थन की अपील कर रहा है।

**शुक्रवार, 31 मार्च 2023**

- सभी जिला मुख्यालयों में राज्य स्तरीय नेताओं द्वारा प्रेस कांफ्रेंस।

भारत जोड़ो यात्रा

दूरभाष : 011-23019320
011-23019080
ई-मेल : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
वेबसाइट : www.inc.in

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

के.सी. वेणुगोपाल, संसद सदस्य
महासचिव

24, अकबर रोड,
नई दिल्ली-110011

**शनिवार, 1 अप्रैल 2023**

- सभी ब्लॉक/मंडल में जिला स्तरीय नेताओं द्वारा प्रेस कांफ्रेंस।

**3 अप्रैल, 2023 से शुरू**

- **IYC / NSUI, अन्य फ्रंटल्स, विभागों/ प्रकोष्ठों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान:** प्रासंगिक मुद्दों पर उनसे पूछताछ करते हुए पीएम मोदी को पोस्टकार्ड भेजने के लिए व्यापक सार्वजनिक अभियान चलाएं।

**15 से 20 अप्रैल, 2023 - जय भारत सत्याग्रह - जिला स्तर**

- साथ ही जिला मुख्यालयों पर जय भारत सत्याग्रह सभाएं एवं जिला कलेक्ट्रेट का घेराव।
- इन जिला स्तरीय आयोजनों में राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता, सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री/पीसीसी अध्यक्ष शामिल होंगे।
- न्यूनतम 15000 जुटाना सुनिश्चित किया जाए।
- जिला कांग्रेस कमेटी इन आयोजनों में शामिल होने के लिए सभी मित्रवत पार्टियों और सिविल सोसाइटी को आमंत्रित करें।
- **जिला स्तरीय जन भारत सत्याग्रह सभाओं की तारीखों को अंतिम रूप दिया जाए और एआईसीसी को तुरंत सूचित करें।**

**20 से 30 अप्रैल, 2023 - जय भारत सत्याग्रह - राज्य स्तर**

- सभी पीसीसी राज्य स्तर पर बड़ा **जय भारत सत्याग्रह** कार्यक्रम आयोजित करें, जिसमें वरिष्ठ नेतागण एक दिन का उपवास रखेंगे।
- माननीय कांग्रेस अध्यक्ष **श्री मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष **श्री राहुल गांधी**, एआईसीसी महासचिव **श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा**, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री या पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री इन राज्य स्तरीय आयोजनों में शामिल हो सकते हैं।
- न्यूनतम 1 लाख की भारी भीड़ सुनिश्चित की जाए।
- पीसीसी इस राज्य स्तरीय आयोजन में शामिल होने के लिए सभी मित्रवत दलों और नागरिक समाज को आमंत्रित करें।
- **राज्य स्तरीय जन भारत सत्याग्रह की तारीख को अंतिम रूप दिया जाए और तुरंत एआईसीसी को सूचित करें।**

**राष्ट्रीय स्तर के "जय भारत महासत्याग्रह" की तिथि और स्थान और आगे की अभियान योजना आपको शीघ्र ही सूचित की जाएगी।**

भारत जोड़ो यात्रा

दूरभाष : 011-23019320
011-23019080
ई-मेल : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
वेबसाइट : www.inc.in

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

के.सी. वेणुगोपाल, संसद सदस्य
महासचिव

24, अकबर रोड,
नई दिल्ली-110011

पीसीसी से सभी स्तरों पर सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायक/एमएलसी और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, फ्रंटल संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है।

**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सभी महासचिवों/प्रभारियों और सचिवों से अनुरोध है कि वे अगले एक महीने के लिए उन्हें सौंपे गए राज्यों में कैंप करें और जितने जिलों में संभव हो जाएं और सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों की सफलता की बारीकी से निगरानी करें।** दैनिक आधार पर गतिविधियों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक वार-रूम स्थापित किया जाएगा।

कृपया अपनी तैयारी, क्रियान्वयन की योजना और कार्यक्रम की रिपोर्ट kcvoffice@gmail.com और org@inc.in पर साझा करें।

सस्नेह,

सादर,

(के.सी. वेणुगोपाल)

**सेवा में: सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष**

**प्रति:**
**सभी संचालन समिति के सदस्य,**
**नेता प्रतिपक्ष,**
**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव,**
**फ्रंटल संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय प्रमुख**

# वो लूट रहें है सपनों को मैं चैन से कैसे सो जाऊंवो बेच रहें हैं भारत को मैं खामोश कैसे हो जाऊं लोकतंत्र : नूर आलम शेख

पटना।कांग्रेस दर्पण

लोकतंत्र जिंदाबाद हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी ने कहा अडानी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए लोकतंत्र पर हमला करने वाली तानाशाह मोदी सरकार सुन लेः कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता सत्याग्रह के लिए तैयार है। युवा कांग्रेस नेता नूर आलम शेख़ जी ने कहा संकल्प सत्याग्रह में राजघाट पर। देश की आवाज श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता खत्म करना लोकतंत्र की दिनदहाड़े हत्या है। अपने नेता श्री राहुल गांधी जी के समर्थन में और तानाशाह हुक्मरान के खिलाफ राहुल गांधी जी के नेतृत्व में हम आवाज उठा रहे हैं हम और मजबूती से लड़ेंगे। हम आज भी देश की आजादी के लिए लड़ रहे हैं। और आगे भी लड़ते रहेंगे

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने कहा राहुल गांधी जी इस देश की जनता के लिए लड़ रहे हैं इसलिए साजिशन उनपर केस किया गया!

और एक शहीद पिता का भरी संसद में अपमान किया जाता है, उस शहीद के बेटे को देशद्रोही कहा जाता है। यह अपमान हम कांग्रेसी नहीं सहेंगे और



जितना प्रदर्शन करना है जितना लाठियां खानी है हम खाएंगे लेकिन हम अपने नेता का अपमान नहीं सहेंगे लोकतंत्र ज़िंदाबाद नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद भाजपा सरकार हाय हाय नरेंद्र मोदी शर्म करो जय कांग्रेस जय बिहार

**-नूर आलम शेख़ युवा कांग्रेस नेता जिला सीतामढ़ी बिहार**

# स्वघोषित राष्ट्रवाद की बात करने वाले बताएं अकेले रेलवे में 2.93 लाख सीट खाली पड़े हैं क्यों ?

## कब भरे जाएंगे ये खाली पड़े पद ?

पटना । कांग्रेस दर्पण

पहली मार्च 2023 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.79 लाख से अधिक पद खाली हैं। यह स्वीकारोक्ति ठऊअ सरकार के केंद्रीय मंत्री की है। जिनमें अकेले रेलवे के 2.93 लाख पद खाली पड़े हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों के खाली पड़े पदों को स समय भरने की कोई स्पष्ट नीति सरकार के पास नहीं है। रोजगार मेला महज अखबारी ड्रामा बना हुआ है। रेलवे के अलावे रक्षा मंत्रालय में 1.94 लाख पद, गृह विभाग में 1.4 लाख पद, राजस्व विभाग में 1.4 लाख पद, भारतीय लेखा परीक्षक और लेखा विभाग में 25,934 पद और परमाणु ऊर्जा



विभाग में 94,608 पद खाली पड़े हैं। देश में भय–भूख और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। डाक विभाग के 150000 से अधिक डाकघरों में पर्याप्त कर्मचारी नहीं है।

जिससे जिसे आम आवाम को परेशानी झेलनी पड़ती है। बहाली निकलती है तो महज 14,500/माह पगार पाने के लिए देश के बेरोजगारों को, उच्च योग्यता धारियों को। 1000 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद, अपने प्रदेश में नही दूसरे प्रदेश के सुदूर ग्रामीण इलाकों मै ग्रामीण डाकिया का पद मिल पाता है। सरकार अपने विपक्षी समकक्ष को सरकारी तंत्र द्वारा उसके गलत इस्तेमाल के जरिए नेस्तनाबूद करने में तुली है। अडानी अंबानी की कंपनी को मालामाल करने में

**-रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिलासचिव बेगूसराय कॉंग्रेस कमिटी।**

## सर्किट हाउस में सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों ने की मीटिंग।

दिनांक 30/03/2023 अजमेर ! आज दोपहर 2:30 बजे सर्किट हाउस में सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों ने की मीटिंग। उसके बाद आगरा गेट पर दोपहर 4:15 बजे मीटिंग की गई। 31 मार्च 2023 को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की चर्चा की गई। साथ ही आगरा गेट पर आमजन को भी आने का निमंत्रण दिया गया। और आमजन, कार्यकर्ताओ को मैसेज के साथ कॉल करके कल के कार्यक्रम में बुलाने के लिए और कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाई। इस दौरान पूर्व पार्षद एडवोकेट समीर शर्मा, प्रदेश सचिव सोशल मीडिया विभाग मनीष सेन, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष पीयूष सुराणा, सोशल मीडिया विभाग देहात अध्यक्ष प्रेम सिंह गौड़, निवर्तमान वार्ड3/4 अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चौधरी, चंद्रप्रकाश चौरसिया, महेंद्र जोशी, आरीफ खान, नरेश सोलीवाल, विकास बंजारा, कमल कृपलानी, घनश्याम पंचोली, अशोक सुकरिया, ने वार्तालाप की।

## आवश्यक बैठक सुचना

जिला कांग्रेस कमेटी अलीराजपुर

प्रिय साथियों

मध्य प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 31 मार्च शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे जिला मुख्यालय अलीराजपुर में पटेल फार्म हाउस पर आयोजित की गई है बैठक में प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी श्री प्रभु जी राठौड़, सह प्रभारी श्री मधु हीरोडकर जी विधायक श्री मुकेश पटेल जी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सेना पटेल जी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे

बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों के लिये जिले मे कांग्रेस संगठन को और मजबूती प्रदान करने तथा आगामी समय मैं प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिले में आयोजित कार्यक्रमों को और तेजधार देने एवं उसकी रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी

अत: बैठक में जिले के सभी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी गण वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष गण जिले के समस्त कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि गण जिसमे जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य सरपंच पार्षद गण युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल एन,एस,यू,आय पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कांग्रेस आईटी सेल अल्पसंख्यक कांग्रेस आदि तथा कांग्रेस के सभी विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण समस्त जिले के सम्माननीय कार्यकर्ता गण से अनुरोध है कि इस अति आवश्यक बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे

समय : 31 मार्च शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे
स्थान : पटेल फार्म हाउस अलीगढ़
विशेष = भोजन व्यवस्था रखी गई है

विनीत
खुर्शीद अली दीवान, संगठन मंत्री जिला कांग्रेस अलीराजपुर
ओम राठौर, कार्यवाहक अध्यक्ष जिला कांग्रेस अलीराजपुर
केशर सिंह डावर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अलीराजपुर



आज रानी में लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी की लोक कल्याणकारी योजनाओं के उप खंड स्तरीय लाभार्थी उत्सव में शिशुपाल सिंह जी निम्बाडा, उप प्रधान शीला सिंह जी, भूराराम जी सिरवी व साथियों सहित शिरकत कर लाभार्थियों से मुलाक़ात कर उनके अनुभव जाने।।। ब्लॉक संयोजक सोशल मीडिया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र 121

# देश इस चीज को कभी भूलेगा नहीं और आने वाले 2024 के चुनाव मे घमंड और अहंकार के खिलाफ जनता मुँह तोड़ जवाब देगी:डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

पटना । कांग्रेस दर्पण

यही भाषण कारण है जिसके वजह से राहुल गाँधी जी को सजा सुनाई गयी है और उनकी सांसद सदस्यता छीन ली गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा इस देश को अडानी को बेचा गया। उसके हर एक पहलु पर राहुल गाँधी जी बड़े विस्तार से सवाल पूछे और इस पुरे भाषण को पार्लियामेंट के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। ताकि आने वालों पीढ़ी ये ना कहे की नेहरू गाँधी परिवार से आने वाले राहुल गाँधी ने ये सवाल उठाया था। क्रोनी कैपिटलीस्म के खिलाफ अभी के इस सरकार से तो सरकार के पास इसका जवाब नहीं था। ये जानते थे अगर सांसद मे राहुल गाँधी जी रहेंगे तो इन सवालों को दोबारा उठाएंगे। इसलिए आनन फ़ानन मे डर के उनकी सदस्यता छिनी गयी। देश इस चीज को कभी भूलेगा नहीं और आने वाले 2024 के चुनाव मे घमंड और अहंकार के खिलाफ जनता मुँह तोड़ जवाब देगी।



# आखिर "राम" होने का अर्थ क्या है- डॉ.मंगलम्

## रामनवमी के अवसर पर आलेख

पटना।कांग्रेस दर्पण

हमारी सनातन संस्कृति में मुख्यतः दो नायक हुए।एक राम और दूसरे कृष्ण। एक का जन्म दिन के बारह बजे हुआ तो दूसरे का रात्रि के बारह बजे। एक के यहां सब कुछ खुला-खुला है वहीं दूसरे के यहां सब कुछ रहस्यात्मक।

राम के व्यक्तित्व को लेकर प्राचीन काल से लेकर अभी तक विभिन्न विद्वानों ने अपने-अपने तर्कों से विवेचित विश्लेषित किया है। किसी ने सगुण तो किसी ने निर्गुण,किसी ने समन्वयवादी तो किसी ने आस्ति-नास्ति के एक रूप, किसी ने ब्रह्म तो किसी ने आदि शक्ति के रूप में रचा है, गढ़ा है लेकिन एक बात यहां विचारणीय है कि राम बड़ा है या रामत्व।राम कहने से दाशरथी राम का अभिधात्मक बोध होता है लेकिन रामत्व से उस भाववाचक संज्ञा का बोध होता है जो इस जगत के कण-कण में परिव्याप्त है।तभी तो कबीर ने चार राम की कल्पना की है-₹ एक राम दशरथ घर डोलै/ एक राम अंतर में बोलै/ बीज राम का सकल पसारा/ एक राम है जग से न्यारा।₹ इन्हीं चार रामों में बसी है राम की वह विराट दुनिया जो कभी दशरथ के घर जन्म दिलवा कर उनके जागतिक स्वरूप को गढ़ती है तो कभी अंतर्मन में बसाकर उन्हें पारलौकिक सत्ता से जोड़ देती है।औपनिषदिक घोषणा है-₹ एकोऽहं बहुस्यामः ₹।अर्थात् मैं एक ही था; एक से अनेक हो गया।यही बीज राम है जो पूरी कायनात में सकल पसारा के रूप में फैली हुई है।जब आचार्य शंकर ने अद्वैतवाद के दर्शन को प्रतिपादित करते हुए पूरी दुनिया के सामने कहा कि-₹ अहम् ब्रह्मास्मि ₹ तब एक बात स्पष्ट हो गई कि इस दर्शन का व्यावहारिक लाभ जीवन में तभी मिलेगा जब व्यक्ति यह समझेगा-₹तत् त्वमसि ₹।इस अंतर एवं बाह्य के राम को ठीक से समझने के लिए हमें गहरे स्तर पर जीवन एवं प्रकृति को समझना होगा। दोनों के अंतर्संबंधों को पहचानना होगा और इस निष्कर्ष पर पहुंचना होगा कि आख़िर कब प्रकृति हमारा साथ देती है और कब साथ छोड़ देती है? चूंकि प्रकृति भी हमें जीवन में कदम-कदम पर जांचती है,परखती है तब वह कहीं जाकर हमारी जिंदगी की विभूति बनती है।इसलिए,जरूरी है कि हम प्रकृति के अनुरूप चलें,ढलें,गलें एवं बलें।प्रकृति के पंच तत्त्व राम के अगर साथ होते तो रावण जैसी कुवृत्तियों को पराजित करने में इतने वक्त नहीं लगते लेकिन यह भी शाश्वत सत्य है कि प्रकृति कभी भी हमें बचपन से साधन संपन्न नहीं बनाती।वह हमेशा व्यक्ति के जीवन में कमियों का अहसास कराती रहती है ताकि व्यक्ति साधनों की अहमियत को समझे और अपनी मेधा, अपनी बुद्धि, अपने श्रम, अपनी एकाग्रता



-- डॉ.वी.के. मंगलम्
वरिष्ठ प्राध्यापक,
स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

एवं अपने विवेक से उन साधनों को साधते हुए उन्हें अपने पक्ष में कर ले ताकि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में शक्ति को हासिल करते हुए विजयी हुआ जा सके।यही राम हैं।शक्ति-संधान के कुशल कारीगर।इसके लिए हमें कहीं जाने की जरूरत नहीं है।बस, दो-तीन बातों का ख्याल रखना है।एक, साधनहीनता कभी भी हमारी कमजोरी का पर्याय नहीं हो सकती ( रावण रथि, विरथि रघुवीरा/ देखि विभीषण भयऊ अधीरा)। दूसरी,राम वही हो सकता है जो जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों को तवज्जो दे।अर्थात् राम की सेना में सभी हैं जैसे- लक्ष्मण, सुग्रीव, हनुमान, जामवंत, विभीषण, नल, नील, गवाक्ष इत्यादि जबकि रावण की सेना में सिर्फ राक्षस हैं।कहने का अभिप्राय यह कि राम शक्ति के केंद्रण का नहीं बल्कि शक्ति के विकेंद्रण का नाम है।राम हर भूमिका में श्रेष्ठ हैं- आज्ञाकारी पुत्र, एकनिष्ठ पति, आदरणीय भ्राता,विश्वसनीय मित्र, कठोर प्रशासक,अंत्योदय के संरक्षक, समय के कुशल प्रबंधक, औरों की योग्यता को परखने में दक्ष, गुरूओं के प्रति गजब की विनम्रता, व्यक्तित्व में गहरी स्थानीयता( जिसे आज ₹ वोकल फॉर लोकल ₹ कहा जा रहा है ),पारिवारिक संबंधों को बहुत गहराई से कद्र करने वाले तथा पूरी प्रकृति के प्रति गहरा तादात्म्य स्थापित करने वाले( जिसे आज विश्व गुरू, ग्लोबल विजन, वैश्विक दृष्टि या बसुधैव कुटुंबकम की संज्ञा दी जा रही है) इत्यादि।आज यह कितना दुखद लगता है कि जिस ध्वनि में पूरा का पूरा ब्रह्मांड समाहित हो उस नाम का उपयोग राजनीतिक स्थूलता का पर्यायवाची बन जाए।यह संपूर्ण मानवता के लिए खतरनाक है।सत्ता कभी भी इतनी अच्छी नहीं होती जितना उसे पक्ष के लोगों के द्वारा बताई जाती है और उतनी बुरी भी नहीं होती जितनी विपक्षी शक्तियों के द्वारा बताई जाती है।इसलिए, राम का अर्थ कभी भी पूर्णता नहीं होता।अपूर्ण होकर पूर्ण होने की जो जद्दोजहद है, उस दुर्द्धर्ष संघर्ष, अदम्य इच्छा शक्ति और प्रतिकूल क्षणों में भी जीवन के नैरंतर्य का नाम ₹ राम ₹ है।

# केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही, मनमानी के खिलाफ कांग्रेस सेवादल ने निकाला कैंडल मार्च

पटना।कांग्रेस दर्पण

आज कांग्रेस सेवादल के बैनर तले देश के साहसी, सजग, संघर्षशील, जनप्रिय, ईमानदार, कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी के लोकसभा सदस्यता तानाशाह मोदी सरकार द्वारा रद्द करने के खिलाफ कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा की कैंडल मार्च गया जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक टिंकू गिरी के नेतृत्व में निकाला गया जिसमे पूर्व विधायक मो खान अली, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, भगवान दास, सोमनाथ पासवान, बुद्ध प्रसाद, गणेश कुमार, सुरेंद्र मांझी आदि गया चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल से टावर तक कैंडल मार्च करते हुए कहा की मोदी सरकार देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ महंगाई,



बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, आदि के खिलाफ आवाज उठाने वालो की आवाज बंद करने का हर संभव प्रयास कर रही है, किसी पर झूठे, बनावटी मुकदमे दर्ज कराने, देशद्रोही कहने, संसद के दोनो



सदनों को नहीं चलने देने आदि काम कर रही है।

नेताओ ने कहा की गुजरात के एक सांसद जिसे फौजदारी मुकदमा में तीन वर्षो की सजा, लोअर कोर्ट, हाई कोर्ट से होने के बाद भी उसकी सदस्यता समाप्त करने पर कोई कारवाई नही हुई, जबकि विपक्ष के सबसे महत्वपूर्ण चेहरा श्री राहुल गांधी जी के साथ घबराई, डरी मोदी सरकार आनन, फानन में काम करते हुए सदस्यता खत्म करने, बंगला खाली करने सभी आदेश जारी करवा दिए।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी देश की आजादी से लेकर सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों की अगुआई करते हुए हमेशा जितने का काम किया है, इस बार भी अडानी प्रकरण महाघोटाले की जेपीसी जांच करा कर ही मानेगी चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी क्यों नहीं देनी पड़े।

भवदीय
विजय कुमार मिठू
( प्रवक्ता )
टिंकू गिरी
( मुख्य संगठक )
कांग्रेस सेवादल

# शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के नेता जिला में , शनिवार को जिला के नेता मंडल एवं ब्लाक में, मोदी सरकार के खिलाफ करेंगे प्रेस वार्ता

पटना।कांग्रेस दर्पण

## मोदी सरकार के तानाशाही व अदानी महा घोटाला के खिलाफ कांग्रेस चला रही है चरणबद्ध आंदोलन

पटना 30 मार्च 2023
केंद्र के मोदी सरकार की तानाशाही रवैये, लोकतंत्र पर हमला, राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्ति तथा अडानी वित्तीय घोटाले को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस के द्वारा

जय भारत सत्याग्रह के तत्वावधान में डेढ़ महीने से अधिक दिनों तक चरणबद्ध तरीके से विरोध अभियान राज्य भर में चलाया जाएगा '

इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि आगामी तीन दिनों तक पूरे प्रदेश में पार्टी के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लोकतंत्र को कुचले जाने के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।जिसके तहत कल शुक्रवार को राज्य स्तर के नेताओं के द्वारा तमाम जिला मुख्यालयों में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मोदी सरकार की तानाशाही तथा कुनीतियों का उजागर किया जाएगा।इसके अगले दिवस को तमाम जिला स्तर के नेताओं के द्वारा तमाम अनुमंडल तथा प्रखंड मुख्यालयों में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर केंद्र सरकार की तानाशाही क्रियाकलापों के खिलाफत की जाएगी। इसके अगले कार्य दिवस को कांग्रेस के तमाम नेताओं-कार्यकर्ताओं, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा एनएसयूआई एवं सभी अनुषांगिक संगठनों के द्वारा पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है।उन्होंने कहा कि अडानी मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछने के कारण अलोकतांत्रिक तरीके से राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई।जो एक प्रकार से इस देश में लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा कुठाराघात है।

उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी सक्रिय एवं सजग रूप से अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है।उन्होंने बताया कि इस पूरे महीने चरणबद्ध तरीके से कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार के पोल खोलने के लिए अभियान चलाती रहेगी।जिसमें प्रदेश स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कांग्रेसी शामिल होंगे।

राजेश राठौड़
चेयरमैन, मीडिया कमिटी
बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी

## अतिआवश्यक अतिमहत्वपूर्ण सूचना.....

जिला/शहर कांग्रेस कमेटी कासगंज के समस्त पदाधिकारियों/साथियों की सेवा में

सम्मानित साथियों कल दिनांक 31 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दोपहर 3:00 बजे नगर पालिका सभागार सोरों गेट पर पूर्व सांसद माननीय सत्या बहन एवं प्रदेश सचिव श्री अखिलेश शर्मा जी सभी साथियों के साथ बैठक एवं पत्रकारों को संबोधित करेंगे तत्पश्चात ज्ञापन ब सोरों गेट पर भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा

सभी साथियों से अनुरोध है कि वह प्रेस वार्ता में आवश्यक रूप से पधारें .........

विशेष रूप से फ्रंटल प्रकोष्ठ विभाग ब्लॉक नगर के अध्यक्ष गण

समय दोपहर 3:00 बजे स्थान कार्यालय-( सभागार ) नगर पालिका परिषद कासगंज

अदनान खान
जिला अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कासगंज

# मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना हिंदी हैं हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा




पटना।कांग्रेस दर्पण

आज राम नवमी के शुभ अवसर पर सत्कार क्लब कचहरी चौक भागलपुर द्वारा निशुल्क ठंडा जल और सरवत अपने हांथों से वितरण कर हिन्दू मुस्लिम एकता और भाई चारे का मिशाल कायम रखा। यही हमारे देश की सबसे बड़ी खूबसूरती हैं। साथ ही साथ आप समस्त देश वासियों को राम नवमी के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आपका
मो० शारीक खान 'नवाब'
प्रदेश प्रतिनिधि, बिहार प्रदेश कांग्रेस।
पूर्व प्रदेश सचिव, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस।
सह जिला अध्यक्ष अल्प०सं० कांग्रेस भागलपुर।

# भारतीय युवा कांग्रेस ने गया में रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा में चना, गुड, पानी, शरबत पिलाया



पटना।कांग्रेस दर्पण


अतिप्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान रखने वाला गया शहर में रामनवमी पर्व के अवसर पर निकले विशाल शोभा यात्रा जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को भारतीय युवा कांग्रेस के बैनर तले स्थानीय गोल पत्थर चैनपुर मेडिकल के समीप स्टॉल लगा कर चना, गुड, पानी, शरबत पिलाया।

गया जिला भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार के नेतृत्व में 2:00 बजे से जिला उपाध्यक्ष मो शमीम, सूरज कुमार, सोभीत कुमार, शशांक, निशु, आयुष, मो मुजम्मिल, विक्की, सहित सैकड़ों साथियों के साथ श्रद्धालुओ की सेवा लगे रहे।

भारतीय युवा कांग्रेस के स्टॉल पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान, पूर्व उपमहापौर मोहन श्रीवास्तव, डा शशि शेखर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, कुंदन कुमार, आदि के शामिल होने पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, तथा इनलोगो ने युवा कांग्रेस के साथियों का हौसला अफजाई किया। गया में सभी लोग आपसी भाईचारा, चट्टानी एकता, बना कर शांतिपूर्ण तरीके से मनमोहक झांकियां, जुलूस निकाला, जिसे शहर के हरेक वर्ग, संप्रदाय के लोग सहयोग एवम् सेवा किया।



एमएलसी रिंकू यादव जी के साथ शिष्टाचार मुलाकात करते हुए अपने आवास पर गठबंधन के साथियों के साथ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मगध के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करते मतदाता साथियों से देश की हालात को देखते हुए गठबंधन के उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अपील करते हुए



दिनांक 31/3/2023 शुक्रवार दिन के 2 बजे काँग्रेस भवन बेगूसराय में हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी को तनाशाही सरकार के द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर लोकसभा सदस्यता खत्म करने के एवं आगामी काँग्रेस के कार्यक्रम, आंदोलन आदि बातों को लेकर जिला प्रभारी पुर्व विधायक सुधीर कुमार बंटी चौधरी जी एवं जिलाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा अतः आप सभी मीडिया बन्धुओं से विनम्र निवेदन है समय पर पहुंच कर प्रेस के माध्यम से इस तानाशाही सरकार लोकतंत्र के हत्यारे सरकार को जनता के बीच वेनकाब करने में सहयोग करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुमार रत्नेश टूल्लु, सदस्य बिहार प्रदेश कांग्रेस पटना।

# राकेश राणा बने टिहरी कांग्रेस के पुनः जिलाध्यक्ष

नई टिहरी ।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन के,सी वेणुगोपाल के द्वारा आज उत्तराखंड प्रदेश के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गई जिसमें टिहरी जनपद में वर्तमान जिलाध्यक्ष राकेश राणा को दोबारा कांग्रेस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया ।

जिला अध्यक्ष बनने पर राकेश राणा ने कहा कि मैं प्रदेश अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जुन खडके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा जी नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य जी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की जी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी प्रताप नगर की विधायक विक्रम सिंह नेगी जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने मुझे मुझ पर विश्वास कर दोबारा यह जिम्मेदारी दी।।

उन्होंने कहा कि मैं पूरी शिद्दत के साथ पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ वर्तमान परिवेश में जो राजनेतिक चुनौतियां है उनका मुकाबला कर लोकतंत्र को बचाने की लिए लड़ाई मे एक जिम्मेदार ध्वजवाहक होने के नाते पूरी ईमानदारी के साथ उसको लड़ूंगा और टिहरी जनपद में विपक्ष की भूमिका को मजबूती के साथ निभाने का प्रयास करूँगा

राकेश राणा के जिला अध्यक्ष बनने पर प्रताप नगर



विधानसभा के विधायक विक्रम सिंह नेगी प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला नरेंद्र राणा शांति प्रसाद भट्ट याकूब सिद्दीकी नरेंद्र चंद रमोला ,विक्रम सिंह पंवार, वीरेंद्र सिंह कंडारी ,सोबन सिंह नेगी सूरज राणा साहब सिंह सजवान देवेंद्र नौडीयाल कुलदीप सिंह पवार एडवोकेट आनंद सिंह बेलवाल सोहन सिंह रावत जयवीर सिंह रावत गीताराम गैरोला महावीर प्रसाद उनियाल ,ज्योति प्रसाद भट्ट सबबल सिंह राणा मुरारीलाल खंडवाल विजयलक्ष्मी थलवाल,दर्शनी रावत आशा रावत लक्ष्मी रावत ममता उनियाल सुमेरी बिष्ट,संदीप कुमार भरत बुटोला लक्ष्मी प्रसाद जोशी नवीन सेमवाल कपिल जोशी शक्ति प्रसाद जोशी जोत सिंह रावत अखिलेश उनियाल बर्फ चंद रमोला मान सिंह रौतेला दर्शन लाल नौटियाल दीपचंद सजवान, अनीता रावत मीना पुंडीर ,रीता रावत मूर्तजा कुलदीप सिंह बिष्ट मुकेश बिष्ट अटल सिंह जलधारी प्टन गब्बर सिंह नेगी विजयपाल रावत पुरुषोत्तम तलवार रोशन नौटियाल प्रशांत जोशी रामलाल जसवीर नेगी गंभीर सिंह नेगी पूरब सिंह पवार सुरेंद्र सिंह रावत श्रीपाल पवार आनंद ब्याश, निहाल सिंह नेगी आदि ने राकेश राणा के पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्री राकेश राणा को पुनः जिम्मेदारी देने पर कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। साथ ही कांग्रेस जनों ने मिष्ठान वितरण किया।

# असल इंटक श्रीजी संजीवा रेड्डी के नेतृत्व वाली ही इंटक

कई वर्षों से इंटक की लड़ाई न्यायालय के आदेश के चलते सड़क तक आ गई थी लेकिन उच्चतम न्यायालय ने जो फैसला दिया है इससे सभी जो स्वयंभू इंटक के मालिक बने हुए थे स्वयंभू अध्यक्ष बने हुए थे सब की पोल खुल गई है और अब यह साफ हो गया है की असल इंटक श्रीजी संजीवा रेड्डी के नेतृत्व वाली ही इंटक है असल फेडरेशन कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के नेतृत्व वाली ही असल फेडरेशन है और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सारे कोयला खदानों का और मजदूरों का हितेषी है और असली यूनियन मैं अपनी ओर से अपने यूनियन के अध्यक्ष फेडरेशन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल अनूप सिंह को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामना देते हैं कि उन्होंने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी और अंततः जीत सत्य की हुई है और अनूप सिंह बधाई के पात्र हैं कोल इंडिया ने जेबीसीसीआई की बैठक में आमंत्रित भी कर दिया है और अब मजदूरों के हाथ में हर फैसला होगा और मजदूर आश्वस्त हैं कि अब लड़ाई लड़ने वाला मेरा हितेषी यूनियन आ गया है

ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह
उपाध्यक्ष
झारखंड इंटक



# राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता को रद्द करने में, निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया गया है.

**24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने इस फैसले को आधार बनाकर राहुल की संसद सदस्यता रद्द कर दी। लोकसभा सचिवालय की इस कार्रवाई पर सवाल उठे। कांग्रेस की लीगल टीम इसके खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी में है। इस मुद्दे पर 'भास्कर' अखबार ने, लोकसभा के 2004 से 14 तक महासचिव रहे पीडीटी आचार्य से बात की। पीडीटी आचार्य ने भी इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। लोकसभा का सचिवालय, लोकसभा के स्पीकर के आधीन होता है और सरकार से उसका कोई संबंध नहीं होता है।**

## आचार्य ने मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर अपनी बात कही,

- सजा जब सेशन कोर्ट ने स्थगित है तो फिर सदस्यता रद्द करने का निर्णय अपरिपक्व और जल्दबाजी भरा है।
- धारा 8(3), जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, में सदस्यता खत्म करने का प्राविधान है पर उस अधिनियम के अंतर्गत यह सदस्यता स्वतः खत्म नहीं होगी, उसकी एक प्रक्रिया है जिसका पालन नहीं किया गया है।
- राष्ट्रपति की अनुमति अनिवार्य है। स्पीकर इसके लिए अधिकृत नहीं है। वह सदस्यता समाप्त करने की सिफारिश कर सकता है।

## इस पर पीडीपी आचार्य, का यह इन्टरव्यू पढ़ें,

◦ सवालः राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के फैसले के बारे में नियम क्या कहते हैं? जिस जल्दबाजी में लोकसभा सचिवालय ने नोटिस जारी किया, क्या ये सही था?

पीडीटी आचार्यः किसी संसद सदस्य की सदस्यता जन प्रतिनिधित्व अधिनियम- 1951 के सेक्शन 8(3) के तहत रद्द की जाती है। इस नियम के तहत जब सदस्य को किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या उससे ज्यादा सजा मिलती है, तो उसकी सदस्यता रद्द की जाती है।

नियम के तहत, जिस दिन सदस्य को दोषी ठहराया गया है, उसी दिन से सदस्यता रद्द की जा सकती है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी इसी सेक्शन के तहत रद्द की गई है, लेकिन इसे ठीक से समझना होगा।

सजा पाए सांसद के लिए सेक्शन 8(3) में लिखा है- **'He/She shall be disqualified'** यानी 'अयोग्य करार दिया जाएगा।' ये नहीं है कि **'He/She shall stand disqualified'**, जिसका मतलब होता कि जैसे ही जज ने दोष साबित होने के फैसले पर दस्तखत किए, उसी वक्त से संसद सदस्य अयोग्य घोषित हो गया।

**'He shall be disqualified'** का मतलब हुआ कि कोर्ट के फैसले से किसी की संसद सदस्यता नहीं जाएगी, कोई अथॉरिटी उसे अयोग्य घोषित करेगी। सांसद के अयोग्य होने का आदेश कोर्ट में दोष साबित होने की तारीख से ही लागू माना जाएगा।

◦ सवालः राहुल गांधी की सजा जज ने ही 30 दिन के लिए सस्पेंड रखी है। उन्हें हाईकोर्ट में अपील का वक्त दिया गया था, ऐसे में सदस्यता रद्द करने की जल्दबाजी क्या सही है?



पीडीटी आचार्यः ये फैसला मुझे भी सही नहीं लगा। दोष साबित होने से ही संसद सदस्य को अयोग्य नहीं ठहराया जाता है। दोषसिद्धि के साथ 2 साल या उससे ज्यादा सजा हो, तभी सदस्यता जाती है। जज ने सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया, तो अयोग्य करार दिए जाने का कोई मतलब ही नहीं था। कानून के नजरिए से इस फैसले में खामियां दिखाई देती हैं।

◦ सवालःसांसद की संसद सदस्यता रद्द करने में राष्ट्रपति की क्या भूमिका होती है, क्या राहुल गांधी के मामले में इसका पालन किया गया?

पीडीटी आचार्यःजन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के सेक्शन 8 (3) में लिखा है कि **'He shall be disqualified'** इसका अर्थ हुआ कि कोई अथॉरिटी ही सदस्य को अयोग्य ठहराएगी। ये अथॉरिटी कौन है, ये समझने के लिए हमें संविधान के आर्टिकल-103 को देखना होगा।

आर्टिकल-103 के मुताबिक, जब भी किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठता है तो इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा और राष्ट्रपति ही इस पर फैसला करेंगे। राष्ट्रपति भी फैसला लेने से पहले चुनाव आयोग से पूछेंगे और चुनाव आयोग की राय पर राष्ट्रपति फैसला करेंगे।

इसका मतलब है कि जब कोई विवाद की स्थिति होगी, तब राष्ट्रपति इसमें दखल देंगे। आर्टिकल-102 में बताया गया है कि किन-किन आधारों पर किसी सांसद की संसद सदस्यता जा सकती है, इसमें बताया गया है कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत, जिस भी सदस्य की सदस्यता रद्द की जाएगी, उस पर राष्ट्रपति ही फैसला लेंगे।

◦ सवालः लोकसभा सचिवालय का राष्ट्रपति की सलाह न लेना, क्या इस पूरी प्रोसेस पर सवाल खड़ा करता है, क्या ये गलती जानबूझकर की गई लगती है?

पीडीटी आचार्यः साफ है कि फैसला लेने में गड़बड़ी हुई है। लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति के पास सुझाव के लिए ये केस भेजा ही नहीं। इस मामले में लोकसभा सचिवालय डिसीजन अथॉरिटी नहीं है।

सचिवालय को राष्ट्रपति को केस के बारे में बताना चाहिए था कि राहुल गांधी मानहानि के केस में दोषी पाए गए हैं और उन्हें दो साल की सजा हुई है, क्या ऐसे मामले में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए या नहीं? इसके बाद राष्ट्रपति का फैसला आने के बाद ही लोकसभा सचिवालय नोटिस जारी कर सकता था। पूरे केस में लोकसभा सचिवालय ने ही फैसला ले लिया है, ये उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

◦ सवालः आप खुद लोकसभा महासचिव रहे हैं, क्या ये राजनीतिक दबाव के तहत लिया गया फैसला दिखता है?

पीडीटी आचार्यःइस बारे में मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैंने अपने कार्यकाल में भी सारे नियमों का अच्छी तरह से पालन किया है।

◦ सवालः क्या इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में केस टिक पाएगा?

पीडीटी आचार्यः इसे बिल्कुल कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। लोकसभा सचिवालय का फैसला संविधान के मुताबिक नहीं है।

◦ सवालः NCP सांसद मोहम्मद फैजल की सजा पर केरल हाई कोर्ट ने रोक लगा दी, उनकी सदस्यता बहाल हो गई, क्या राहुल गांधी की सदस्यता भी बहाल हो सकती है?

पीडीटी आचार्यः हाईकोर्ट ने जो स्टे दिया है, उसके बाद अपने आप उनकी सदस्यता बहाल हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ये केस अजीब सा लगता है। सजा सस्पेंड होने के बाद ये न होना अजीब है।

◦ सवालः राहुल गांधी को अगर बड़ी अदालत से राहत मिल जाती है, तो कितने दिन में सदस्यता बहाल हो सकेगी?

पीडीटी आचार्यः ऊपरी अदालत से राहुल गांधी को जैसे ही राहत मिलती है, उसके साथ ही लोकसभा में उनकी सदस्यता बहाल हो जाएगी। मान लीजिए अगर ऊपरी अदालत ने उखट के फैसले को पलट दिया, तो अपने आप ही लोकसभा सचिवालय नोटिफिकेशन जारी करेगा और राहुल की सदस्यता बहाल हो जाएगी।

◦ सवालः सांसदों की सदस्यता निलंबन का कोई मामला आपके कार्यकाल में भी सामने आया था?

पीडीटी आचार्यः मैंने अपने कार्यकाल में इस तरह का कोई केस नहीं देखा। ये अपने आप में अनोखा है। कई सदस्यों को तो सदस्यता से कई बार बर्खास्त किया गया है। किसी सांसद की सदस्यता चली गई और कोर्ट ने स्टे दिया है, ऐसे में सदस्यता बहाल न हुई हो, ऐसा कोई केस याद नहीं आ रहा।

◦ सवालः लोकसभा सचिवालय के कामकाज करने के तरीके में राजनीतिक दबाव कितना होता है?

पीडीटी आचार्यः लोकसभा सचिवालय को संविधान के आर्टिकल-98 के तहत बनाया गया है। ये पूरी तरह स्वायत्त संस्था है और ये सरकार के तहत नहीं आता। लोकसभा सचिवालय की बागडोर लोकसभा अध्यक्ष के हाथ में होती है।

राज्यसभा के लिए उप-राष्ट्रपति सर्वेसर्वा होते हैं। सरकार से इन सचिवालय का सीधे तौर पर कोई लेना देना नहीं है। कानून के मुताबिक, लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय निष्पक्ष तरीके से काम करता है और इनकी छवि भी अब तक निष्पक्ष ही रही है।

◦ सवालः क्या राहुल गांधी के मामले से संसद सचिवालय की निष्पक्षता पर चोट लगी है?

पीडीटी आचार्यः मैं चोट शब्द का इस्तेमाल तो नहीं करूंगा, लेकिन इस तरह से सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया को लेकर कई अहम सवाल खड़े हुए हैं। हमें सिस्टम के अंदर इनका जवाब ढूंढना पड़ेगा।